## बिहार सरकार
## कृषि विभाग

पत्र सं0— /कृ0, पटना, दिनांक— 2019

प्रेषक,

**प्रभु राम**
निदेशक (प्र॰)—सह—अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**नियंत्रक, माप एवं तौल, बिहार, पटना।**
**जिला कृषि पदाधिकारी, वैशाली।**
**जिला कृषि पदाधिकारी, छपरा।**
**जिला कृषि पदाधिकारी, पटना।**
**जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर।**

विषय :— **लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र/ए0सी0/डी0सी0 की समीक्षा के संबंध में।**

महाशय,

राज्यस्तरीय बैठक एवं विभागीय स्तर पर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र/ए0सी0/डी0सी0 विपत्र की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि जिला कृषि पदाधिकारियों के स्तर पर ए0सी0/डी0सी0/उपयोगिता प्रमाण पत्र का समायोजन हेतु एक बड़ी राशि लंबित है। राज्य स्तर पर समीक्षा के क्रम में लंबित ए0सी0/डी0सी0/उपयोगिता प्रमाण पत्र का अविलंब अभियान चलाकर समायोजन करने का निदेश दिया गया है।

लंबित ए0सी0/डी0सी0/उपयोगिता प्रमाण पत्र की जाँच/समायोजन रोकड़वही का अद्यतनीकरण हेतु विभागीय पत्रांक—2030 दिनांक—10.04.2019 के आलोक में संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/सभी जिला कृषि पदाधिकारी/सभी परियोजना निदेशक, आत्मा/सभी सहायक निदेशक, उद्यान/पौधा संरक्षण/रसायन/सभी उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), भूमि संरक्षण/सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों का निदेशालय स्तर पर बैठक बुलायी गयी थी एवं लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र का समायोजन आपत्ति का निष्पादन रोकड़वही का सत्यापन कर त्रुटि का निराकरण कर समायोजन का निदेश दिया गया था। परन्तु पूर्णतः अभी भी सभी आपत्तियों का निराकरण नहीं किया जा सका है और न तो शत—प्रतिशत समायोजन किया गया है। चालान से जमा की गयी राशि एवं व्यय की गयी राशि की योग के अनुसार रोकड़वही की छायाप्रति संलग्न नहीं की जाती है। न तो समायोजन हेतु भेजे गये प्रस्ताव में अंकित राशि के अनुसार सुसंगत कागजात ही संलग्न की जाती है। निदेश के बावजूद भी त्रुटि रहित प्रस्ताव प्राप्त नहीं होता है।

विभागीय पत्रांक—1360 दिनांक—05.04.2019 के निदेश के आलोक में आपके कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के स्तर से लंबित ए0सी0/डी0सी0/उपयोगिता प्रमाण पत्र, अंकेक्षण आपूर्ति— रोकड़ पंजी का संधारण, आवंटन की निकासी एवं वेतन भुगतान आदि की समीक्षा निम्न निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जायेगी। समीक्षा के समय प्रभारी पदाधिकारी बजट स्वयं **अथवा** एक बजट शाखा के प्रभारी सहायक की प्रतिनियुक्ति करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यालय का नाम | दिनांक/तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यालय—जिला कृषि पदाधिकारी, छपरा/सहायक निदेशक उद्यान, छपरा/सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, छपरा/उप नियंत्रक, माप—तौल, छपरा। | दिनांक—11.12.2019 समय—11:00 बजे अपराह्न |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी, वैशाली / सहायक निदेशक उद्यान, वैशाली / सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, वैशाली। | दिनांक–12.12.2019 समय–10:00 बजे अपराह्न |
| 3 | कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी, पटना। | दिनांक–12.12.2019 / समय–03:00 बजे अपराह्न |
| 4 | कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर / सहायक निदेशक उद्यान, भागलपुर / सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, भागलपुर / भूमि संरक्षण पदाधिकारी, भागलपुर। | दिनांक–14.12.2019 |
| 5 | कार्यालय– नियंत्रक, माप एवं तौल, बिहार, पटना। | दिनांक–17.12.2019 |

तद्नुसार निर्धारित तिथि को लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र, कैशबुक एवं अन्य सभी वांछित कागजात, अभिलेख की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ स्वयं एवं लेखापाल तथा संबंधित कर्मचारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

विश्वासभाजन

ह0 / –

**(प्रभु राम)**

निदेशक (प्र॰)–सह–अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– / कृ0, पटना, दिनांक– 2019

प्रतिलिपि :– सचिव, कृषि के आप्त सचिव / कृषि निदेशक, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

**निदेशक (प्र॰)–सह–अपर सचिव,**

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 4142 / कृ0, पटना, दिनांक– 6/12 2019

प्रतिलिपि :– सहायक निदेशक उद्यान, भागलपुर, वैशाली, छपरा / सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, भागलपुर, वैशाली, छपरा / उप नियंत्रक, माप–तौल, वैशाली, छपरा / भूमि संरक्षण पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/12/19

**निदेशक (प्र॰)–सह–अपर सचिव,**

कृषि विभाग, बिहार, पटना।